e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 01/भू0अ0नि0(3) नियोजन (सेवा मुक्ति)–14/2021...1752... **पटना, दिनांक** : 22-06-2021

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल के पत्रांक 46/बन्दो0/1 दिनांक 05.04.2021 के द्वारा मो0 फैजुउद्दीन, (ID No.ASO00024) विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–शिविर प्रभारी, अरवल–1 के कार्यकलाप संबंधी यथा– कार्यालय से अनुपस्थिति रहने, किए गए स्पष्टीकरण का संतोषजनक जवाब नहीं देने एवं शिविर प्रभारी के रूप में कार्यकलाप घोर असंतोषजनक रहने तथा कार्यालय में अराजकता की स्थिति पैदा करने के फलस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई।

उक्त संसूचित अनुशंसा के आलोक में निदेशालय के ज्ञापांक–1594 दिनाक–09.06.2021 द्वारा मो0 फैजुउद्दीन, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–शिविर प्रभारी, अरवल–1 से तीन दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण ई–मेल के माध्यम से समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। निदेशालय कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र में यह तथ्य भी अंकित किया गया है कि स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह माना जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में आरोप को प्रमाणित मानते हुए निदेशालय स्तर पर संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जायेगा।

मो0 फैजुउद्दीन द्वारा अपना स्पष्टीकरण ई–मेल के माध्यम से समर्पित किया गया है। जिसमें इनके द्वारा इन पर लगाये गए आरोपों को सरासर गलत एवं निराधार बताया गया है। स्पष्टीकरण की समीक्षा बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल से पत्रांक–46 दिनांक 05.04.2021 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं उसके साथ रक्षित साक्ष्य, अभिलेख जो प्राप्त हुए हैं, के आलोक में किया गया।

समीक्षोपरांत पाया गया कि बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल द्वारा जो अनुशंसा मो0 फैजुउद्दीन के विरूद्ध की गई है, वह उचित है। इनका कृत्य उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना के साथ ही कार्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता दर्शाता है, साथ ही वरीय पदाधिकारियों द्वारा इनके विरूद्ध दी गई सूचना की सम्पुष्टि होती है। इनके कृत्यों से स्पष्ट है कि इन्हें कार्य करने में कोई रूचि नहीं है।

अतः बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल के अनुशंसा के आलोक में आरोप को प्रमाणित मानते हुए **''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली–2019''** के नियम 8(4) के तहत मो0 फैजुउद्दीन, (ID No.ASO00024) विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–शिविर प्रभारी, अरवल–1 का संविदा नियोजन आदेश निर्गत की तिथि से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 22/6/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक: – 01/भू0अ0नि0(3) नियोजन (सेवा मुक्ति)–14/2021...1752... **पटना, दिनांक** :– 22-06-2021
प्रतिलिपि:– मो0 फैजुउद्दीन, (ID No.ASO00024) विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–शिविर प्रभारी, अरवल–1 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 22/6/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: – 01/भू0अ0नि0(3) नियोजन (सेवा मुक्ति)–14/2021...1752... **पटना, दिनांक** :– 22-06-2021
प्रतिलिपि:– बंदोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, अरवल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 22/6/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2021\Rakesh Kumar\Order\14_2021_22.06.2021-4.doc

ज्ञापांकः – 01 / भू0अ0नि0(3) नियोजन (सेवा मुक्ति)–14 / 2021 1752 **पटना, दिनांक** :– 22-06-2021

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 01 / भू0अ0नि0(3) नियोजन (सेवा मुक्ति)–14 / 2021 1752 **पटना, दिनांक** :– 22-06-2021

प्रतिलिपिः– सुश्री सुरभि सिंह, डाटा एनालिस्ट, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2021\Rakesh Kumar\Order\14_2021_22.06.2021-4.doc